हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
HEMVATI NANDAN BAHUGUNA GARHWAL UNIVERSITY
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)-246471
SHRINAGAR GARHWAL (UTTARAKHAND)- 246174
केंद्रीय विश्वविद्यालय
(A CENTRAL UNIVERSITY)

पत्रांक –कु0स0का0 /2021/78 दिनांक 25-04-2021

कार्यालय आदेश (78/2021)

कार्यालय आदेश संख्या कु०स०का०/2021/76 दि0 22-04-2021 के सन्दर्भ में यह आदेशित किया गया था कि वर्तमान में कोविड-19 के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, उप कार्यालय देहरादून एवं समस्त परिसरों के शिक्षणेत्तर विभागों को दिनांक 25-04-2021 तक बंद रखा जायेगा । चूँकि कोरोना महामारी का प्रभाव निरन्तर बढ़ने के कारण एवं उत्तराखंड शासन के दिशा-निर्देशो के अनुरूप विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, उप कार्यालय देहरादून एवं समस्त परिसरों के शिक्षणेत्तर विभागों को दिनांक 26-04-2021 से 28-04-2021 तक तत्काल प्रभाव से वंद किया जाता है । उक्त अवधि में सभी प्राध्यापक/अधिकारी/कर्मचारी/कार्यालयी कार्य घर से ही संपन्न करेंगे। इसके साथ ही समस्त अतिथि गृहों को अग्रिम आदेशों तक तत्काल प्रभाव से वंद किया जाता है। एतदद्वारा सभी संबंधितो को अवगत कराया जाता है कि वे अपना मोवाइल फ़ोन खुला रखें एवं विश्वविद्यालय के कार्य में सहयोग दें। विश्वविद्यालय की आवश्यक सेवाएँ पूर्णतः पूर्ववत जारी रहेंगी।

दिनांक 28-04-2021 के बाद कोविड-19 की स्थितियों की समीक्षा करने के उपरान्त ही विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम निर्णय लिया जायेगा। विश्वविद्यालय जव भी पूर्व दिनों की भांति सामान्य रूप से खुलेगा तव सभी प्राध्यापक/अधिकारी/कर्मचारी जो भी प्रशासनिक भवन आना चाहें वे 72 घन्टे पूर्व की NEGATIVE RT-PCR REPORT अनिवार्य रूप से लाएंगे तभी उन्हें प्रशासनिक भवन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

|| घर पर रहें,सुरक्षित रहें ||

25/04/21
कुलसचिव

प्रतिलिपि:- निम्न को सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
2- अधिष्ठाता छात्र कल्याण/नियंता/मुख्य छात्रावास अधीक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष।
3- परिसर निदेशक (टिहरी/पौड़ी/श्रीनगर/चौरास)निदेशक आई०क्यू०ए0सी0/परीक्षा नियंत्रक /अधिशासी अभियंता।
4- संयुक्त कुलसचिव/समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव।
5- सिस्टम मनेजर को विश्वविद्यालय की वेवसाइट परअपलोड करने हेतु।
6- कोर्डीनेटर डाटा प्रोसेसिंग सेंटर / सुरक्षा अधिकारी।
7- निजी सचिव कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
8- उपजिलाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर गढ़वाल

25/04/21
कुलसचिव